# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 10.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

### सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण की एवज में हिमाचल ग्रीन बोनस का हकदार है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि हिमाचल मिट्टी, पानी, स्वच्छ हवा और अनुकूल जलवायु के रूप में देश को अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों के कटान से प्रदेश के लिए आर्थिक संसाधन जुटाए जा सकते हैं लेकिन पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के दृष्टिगत हम वनों के संरक्षण को महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्र और 16वें वित्तायोग के समक्ष हिमाचल का पक्ष मजबूती से रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पारिस्थितिक तंत्र में संरक्षण के प्रति योगदान का तकनीकी और वैज्ञानिक मूल्यांकन करेगी। इससे हिमाचल को प्रतिवर्ष लगभग 90 हजार करोड़ रूपये प्राप्त हो सकते हैं।

### रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार पंचायत चुनाव स्थगित कर चुनावों से भागने का प्रयास कर रही है। रणधीर शर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में सरकार पर पंचायत चुनावों को सुनियोजित षडयंत्र के तहत स्थगित करने का आरोप लगाया। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार की अधिसूचना और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान में विरोधाभास है। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को पता है कि वह पंचायत चुनावों में जीत नहीं पाएगी, इसलिए चुनावों को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार ने ये फैसला लेकर लोकतंत्र को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई है।

### डाक विभाग

डाक विभाग ने 6 से 10 अक्तूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल संजय सिंह ने आज शिमला में कहा कि डाक सप्ताह के अंतिम दिन आज ग्राहक दिवस मनाया गया। इस मौके पर लोगों को डाक विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी गई। संजय सिंह ने कहा कि डाक विभाग लोगों को अब डिजिटल सेवाएं भी दे रहा है। इसके तहत इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से घर–घर तक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध

करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग ने सभी डाक घरों को डिजिटल बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

**करवा चौथ**

पति की दीर्घायु व खुशहाली के लिए करवा चौथ का त्यौहार आज प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज के दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और शाम को चांद का दीदार करने के बाद विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर व्रत को खोलती है। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में जोरदार उत्साह है। कल महिलाओं ने करवा चौथ के लिए जमकर खरीदारी की। करवाचौथ के मौके पर आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हजारों सुहागिने एक साथ करवा चौथ के चांद का दीदार करेंगी। शिमला ज़िला पुलिस ने इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जवान रिज व मालरोड तथा आसपास के इलाकों में तैनात किए हैं। करवा चौथ के मौके पर राज्य पर्यटन विकास निगम ने अपने होटल में ठहरने वाले विवाहित जोड़ों को कमरे के किराए में विशेष छूट का भी ऐलान किया है।

**रैली**

तीन दिवसीय रैली ऑफ़ हिमालय आज मनाली से शुरू हुई। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली के 15 मील में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मे देश भर के करीब एक सौ 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें एक सौ 37 पुरूष और 3 महिलाएं शामिल हैं। गौड़ ने इस मौके पर कहा कि इस तरह के आयोजनों से मनाली में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। रैली ऑफ हिमालय के आयोजक सुरेश राणा ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों का पालन करने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने मनाली में पर्यटन को प्रोत्साहित करने और मोटर स्पोर्टस को बढ़ावा देने का संदेश देना है।

______________________